an>

title: Need to speed up the construction work of National Highway Nos. 75 and 98 in Jharkhand.

श्री विष्णु दयाल राम (पलामू) ः मेरे संसदीय क्षेत्र पलामू में पड़वा से गुरीसेमर वाया गढ़वा राष्ट्रीय राजमार्ग-75 का निर्माण कार्य वर्ष 2010 में शुरू हुआ था और इसके पूर्ण होने की अवधि वर्ष 2012 निर्धारित की गई थी, मगर यह कार्य अब तक पूर्ण नहीं हो सका है। पूरे मार्ग पर गहरे गड्ढों की वजह से यातायात में काफी असुविधा होती है तथा आए दिन हादसे होते रहते हैं। इस मार्ग पर धूल उड़ने की वजह से स्थानीय लोगों एवं अन्य यात्रियों को श्वास संबंधी बीमारियां हो रही हैं। माननीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री जी ने 19 मार्च, 2015 को झारखंड के सभी संसद सदस्यों के साथ राष्ट्रीय राजमार्गों के संबंध में समीक्षा बैठक की थी। इस बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग-75 के निर्माण से संबंधित ठेकेदार को 15 जून, 2015 तक इस कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए गए थे, मगर उसके बाद इस पर कुछ कि.मी. ही निर्माण कार्य हुआ और बाद में कार्य रोक दिया गया। इस राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण कार्य धीमी गति से शुरू होता है तथा अचानक ही बिना कोई कारण बताये बंद कर दिया जाता है। मेरा माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि राष्ट्रीय राजमार्ग-75 के अधूरे कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने का आदेश जारी किया जाये।

मेरे संसदीय क्षेत्र पलामू के पास से गुजरने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग-98 भी जर्जर स्थिति में है। मैं माननीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी जी से आग्रह करता हूँ कि तत्काल एक उच्च स्तरीय कमेटी को इन जर्जर राष्ट्रीय राजमार्गों की स्थिति का जायजा लेने के लिए झारखंड भेजा जाये जो 15 दिन में अपनी रिपोर्ट माननीय मंत्री जी को सुपुर्द करे। मैं इसके साथ-साथ इन राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण कार्य में देरी करने वाली कंपनियों पर भारी जुर्माना लगाये जाने और भविष्य में ऐसी कंपनियों को देश के किसी भी हिस्से में राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण से संबंधित कोई कार्य आवंटन नहीं करने का माननीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री जी से अनुरोध करता हूँ।